महत्वपूर्ण एवं खास

कार की बोनट में छुपाकर गांजे की तस्करी, आरोपी गिरफ्तार, लगभग 52 किलो गांजा जब्त

सुकमा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की दोरनापाल पुलिस ने अवैध रूप से गांजा तस्करी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 51 किलो 910 ग्राम गांजा जप्त किया हैं। जब्त गांजे की कीमत 13 लाख 32 हजार रूपए बताई जा रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार दोरनापाल पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने ओडिसा से गांजा लेकर बिक्री करने के लिए ला रहा है। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई कर शबरी नदी पुल के पास मुखबरी द्वारा बताये गये कार सवार को रोका गया तथा पुछताछ की गई। पुछताछ में कार चालक ने अपना नाम रामप्रताप सिंह भदौरिया निवासी आमापुर ज़िला नादर मई थाना क्षेत्र के कासगंज उत्तरप्रदेश का होना बताया। जिसके बाद पुलिस ने उसके कार के अंदर तथा डिक्की की तलाशी ली तो उसमे से कु छ नही मिला पर जब कार का बोनट खुलवाया गया तो पुलिस दंग रह गई। आरोपी ने बड़े ही शातिराना तरीके से कार के बोनट में 51 किलो 910 ग्राम गांजा छुपाकर रखा तथा जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया। जब्त गांजे की कीमत 13 लाख 32 हजार रूपए बताई जा रही हैं। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार जेल भेज दिया हैं।

नहर का तटबंध फूटने से दो हिस्सों में बंटी सड़क, आसपास के खेत और गांव में घुसा पानी

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा जिले में कोरबा-सक्ती की ओर बहने वाली नहर पंचायत बुढिय़ापाली के ग्राम पहाड़गांव में नहर का तटबंध फूट गया हैं। करतला विकासखण्ड अंतर्गत नहर का तटबंध फूट जाने के कारण मुख्य सडक़ बीच से दो हिस्सों में बंट गई। नहर का पानी तेज बहाव के साथ खेतों और गांव में घुस रहा है। इस घटना से गांव में अफरा-तफरी मची हुई है। सूचना पर प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच राहत और बचाव कार्य कर रहे हैं। हसदेव बांगो परियोजना के मुख्य नहर का बंध फूटने से लगभग 5 से 7 किलोमीटर तक नहर का पानी फैल गया व 100 एकड़ से अधिक खेत व फसल डूब जाने का अनुमान लगाया जा रहा हैं। जानकारी के अनुसार 35 से 40 किसान इससे प्रभावित हुए हैं। अभी भी पानी का बहाव जारी रहा है लिहाजा और भी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि रख-रखाव के अभाव में पहले से कमजोर था। जिसके चलते अचानक पार फूट गया और खेत जल मग्न हो गए। इससे किसानों को लाखों रूपए का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही हैं।

भारी मात्रा में शराब ले जाते आरोपी गिरफ्तार, मध्यप्रदेश से ला रहा था बड़ी खेप

सरगुजा (आरएनएस)। संभागीय उडऩदस्ता सरगुजा और जिला आबकारी सरगुजा की टीम ने सोमवार को बड़ी मात्रा में मध्य प्रदेश की शराब जब्त की है. वहीं पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर थाना दरिमा अंतर्गत परसोढी ग्राम के कृष्णा कुमार सेमरिया के घर से 43 पेटी मध्यप्रदेश की 387 लीटर शराब जब्त की. जिसकी कीमत बाजार में करीब 2,50,000 रुपये है. उक्त आरोपी को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59 (क) और 36 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. जहां से रिमांड पर उसे जेल भेज दिया गया. उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई. साथ सहायक जिला आबकारी अधिकारी रविंद्र पांडेय, आबकारी उप निरीक्षक सौरभ साहू, आनंद भोई और संभागीय उडऩदस्ता संभाग- सरगुजा एवं जिला आबकारी टीम के सभी आरक्षक एवं मुख्य आरक्षक भी शामिल रहे. विधानसभा चुनाव के पहले आबकारी टीम को ये सफलता हाथ लगी है. वहीं संभागीय उडऩदस्ता टीम का कहना है कि ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी.

सिरपुर में विश्व संगीति कार्यक्रम का वनमंत्री ने किया शुभारंभ

- ऐतिहासिक नगरी सिरपुर की प्रसिद्धि को मिल रही अंतर्राष्ट्रीय पहचान: अकबर
- सिरपुर पहुंचे देश-विदेश के अतिथि एवं वक्ता

रायपुर । पुरातात्विक स्मारकों, समृद्ध परम्परा, सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय विश्व संगीति कार्यक्रम का शुभारम्भ 7 सितम्बर को वन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागार्जुन फाउंडेशन सिरपुर के अध्यक्ष पूज्य भदन्त आर्य नागार्जुन सुरेई ससाई एवं कल्चरल सेंटर ऑफ एच. एच. दलाई लामा तिब्बत हाउस के डायरेक्टर गेशे दोरजी दामदुल ने किया। सी एस आई डी के अध्यक्ष नंदकुमार साय , पुरातत्वविद, नागपुर महाराष्ट्र लेखक डॉ. सत्यजीत चन्द्रिकापुरे, ट्रेव्हल एंड टूरिज्म विभाग महाराष्ट्र डायरेक्टर डॉ. प्रियदर्शी एम. खोब्रागड़े के विशिष्ट आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अतिथियों का सिरपुर विकास प्रधिकरण के अध्यक्ष सतीश जग्गी ने स्वागत किया।

विश्व संगीति कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि सिरपुर एक ऐतिहासिक पुरातात्विक नगरी है। यहां विश्व संगीति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन से सिरपुर की प्रसिद्धि देश-विदेश तक जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां बौद्ध समाज के अनुयायी उपस्थित है, उनका स्वागत है। उन्होंने कहा कि सिरपुर के विकास के लिए सिरपुर विकास प्राधिकरण के माध्यम से पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है। इससे क्षेत्र के विकास और पर्यटन के मानचित्र में सिरपुर का नाम दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण के माध्यम से सिरपुर के विकास को पुनर्जीवित करने का कार्य हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक नगरी सिरपुर सहित क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव पहल की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि यह वनक्षेत्र है इसलिए ग्राम सभा के प्रस्ताव पर सामुदायिक विकास के लिए एक हेक्टेयर जमीन दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत 17 ग्राम पंचायत के 34 ग्राम शामिल है।

कार्यक्रम में सीएसआईडी के अध्यक्ष नंद कुमार साय ने कहा कि सिरपुर हमारे प्राचीन इतिहास का प्रतिबिंब है। सिरपुर के तट पर ही ऐतिहासिक वैभव और संस्कृति का पूरा संसार है। कई साल पहले से ही दुनिया भर के लोग यहां आते जाते रहे हैं। आज श्रीपुर का वैभव देश-दुनिया में चमक रहा है। कार्यक्रम में सिरपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश जग्गी ने कहा कि यह कार्यक्रम सिरपुर के ऐतिहासिक महत्व को देश-दुनिया तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सिरपुर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। हम सिरपुर को वर्ल्ड हेरिटेज की ओर मान्यता दिलाने में आगे बढ़ रहे हैं। इस दौरान संगीति कार्यक्रम में अंचल सहित देश के विभिन्न स्थानो से अतिथि लोग पहुंचे हैं। कार्यक्रम 9 सितंबर तक जारी रहेगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे दिन 8 सितम्बर को राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे के मुख्य आतिथ्य में तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में व दीपक बैज सांसद तथा श्यामजी चौहान निज मंदिर खाटूजी राजस्थान के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम के तृतीय दिवस समारोह का समापन होगा।

कृष्ण कुंज: 169 नगरीय निकायों के 224 एकड़ रकबा में 60 हजार पौधे रोपित

- हरे-भरे वृक्षों के रूप में आकार ले रहे 'कृष्ण कुंज'
- वन विभाग द्वारा कृष्ण कुंजों में पर्यावरण जागरूकता संबंधी कार्यक्रम सम्पन्न

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज का विकास कर रही है। मात्र एक वर्ष में ही इन कृष्ण कुंजों ने हरे-भरे वृक्षों के रूप में अपना आकार लेना शुरू कर दिया है। योजना के तहत प्रदेश में 169 नगरीय निकायों में लगभग 224 एकड़ रकबा में लगभग 60 हजार पौधों का रोपण किया गया हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राजधानी रायपुर के तेलीबांधा स्थित कृष्ण कुंज में स्वयं वृक्षारोपण कर कृष्ण कुंज की महत्वाकांक्षी योजना की पूरे प्रदेश में शुरूआत की थी। इसी दिन प्रदेश के नगरीय निकायों में बनाए गए कृष्ण कुंज में जनभागीदारी से वृक्षारोपण किया गया था।

इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज जन्माष्टमी के अवसर पर वन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य भर के वन मण्डलों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के कृष्ण कुंजों में कार्यक्रम का आयोजन कर पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के तहत वन मण्डल बीजापुर द्वारा कृष्ण कुंज में ''मटकी फोड़'' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही इस दौरान वहां बच्चों और उपस्थित लोगों को कृष्ण कुंज में लगाए गए धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के पौधों के बारे में जानकारी दी गई।

इसी तरह कृष्ण कुंज बालोद में आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने जोर-शोर के साथ भाग लिया। इसके अलावा रायगढ़, बलौदाबाजार तथा पेण्ड्रा आदि वन मण्डलों में भी पर्यावरण जागरूकता संबंधी विविध कार्यक्रमों का आयोजन कृष्ण कुंजों में किया गया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप कृष्ण कुंज में वृक्षारोपण से जन-जन को जोड़ना और सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के वृक्षों के रोपण करने का कार्य किया जा रहा है। जहां पर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने वाले और भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन देने वाले चंदन, रूद्राक्ष, बरगद, पीपल, कदम्ब जैसे वृक्षों का रोपण शामिल है। कृष्ण कुंज में आम, ईमली, बेर, गंगा ईमली, जामुन, शहतुत, तेंदू, चिरौंजी, अनार, कैथा, नीम, पलाश, बेल, आंवला जैसे फलदार वृक्ष भी लगाएं जा रहे हैं।

अपराधियों की खैर नहीं : पुलिस चला रही विशेष अभियान

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजधानी पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ तेज करते हुए कानून-व्यवस्था को सख्त कर दिया है।

वरिष्ठ पुलिस अफसरों के निर्देश पर थानों की टीम के अलावा पुलिस के अलग-अलग स्कवाड भी कार्रवाई कर रहे हैं। इसी क्रम में भीड़-भाड़ वाले स्थान, सार्वजनिक स्थान/सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों, गुटबाजी/अड्डेबाजी करने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों, असमाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्की, धारदार/बटनदार चाकू रखकर घुमने वालों सहित आम स्थानों पर शराब पीने, शराब पीने हेतु स्थान उपलब्ध कराने, सार्वजनिक मैदान, पार्क, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थान पर चार पहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वालों की लगातार चेकिंग की जा रहीं है। इसके साथ ही टोल नाको में पांईट लगाकर चारपहिया/दोपहिया/यात्री वाहनों एवं उनके सामानों सहित रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड में भी संदिग्ध व्यक्तियों एवं सामानों की चेकिंग की जा रहीं है। समस्त नगर पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारियों द्वारा भी अपने-अपने अनुभाग व थाना क्षेत्र में पैदल पेट्रोलिंग किया जा रहा।

यस बैंक घोटाला मामले में हाईकोर्ट ने शासन से 16 अक्टूबर तक मांगी रिपोर्ट, 165 करोड़ रुपए हुआ है फर्जीवाड़ा

बिलासपुर (आरएनएस)। यस बैंक के एक फर्जी खाते से लगभग 165 करोड़ रुपये के लेनदेन के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन के जांच संबंधी शपथ पत्र पर चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने सुनवाई की. मुख्य सचिव के शपथ पत्र में बताया गया कि कुछ दस्तावेज ऐसे हैं जिसे न्यायालय में अंतिम रूप से प्रस्तुत किया जा सकता है. किंतु सुनवाई के दौरान न्यायालय में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए. कोर्ट ने 16 अक्टूबर तक जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता प्रभुनाथ मिश्रा ने अपनी याचिका में बताया है कि यस बैंक में फर्जी खाते से एक कर्मचारी के नाम पर करोड़ों रुपये का लेनदेन हो रहा था. लिखित जानकारी देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई. एफआईआर दर्ज किए जाने के बावजूद शासन वर्षों से जांच करने की बजाय पीड़ित की प्रथम सूचना रिपोर्ट को ही खत्म करने की कोशिश में है. खाते से करोड़ों रुपये का लेनदेन विदेश से हुआ है. लाखों रुपये नकद एक बार में जमा किए गए हैं और निकल गए हैं. इस मामले के दोनों आरोपी हितेश चौबे और अनिमेष सिंह फरार हैं. खाते से खरीदी गई बड़ी गाडिय़ों और अन्य सामग्रियों की अब तक जब्ती नहीं की गई है.

बर्थडे पार्टी मनाने आए युवक ने शिवनाथ नदी में लगाई छलांग, युवक की तलाश में जुटी एसडीआरएफ टीम

- बोलेरो पिकअप वाहन समेत नदी में गिरे 5 लोगों में से 1 बच्ची अभी भी लापता

दुर्ग (आरएनएस)। दुर्ग के शिवनाथ नदी में दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार की रात एक बोलेरो पिकअप वाहन में सवार तीन बच्चियों समेत पांच लोगो की नदी में डूबने से मौत हो गई थी। इस हादसे में मौत का शिकार हुई एक बच्ची का शव अब तक मिल नही पाया है। वहीं गुरुवार की सुबह शिवनाथ नदी में एक युवक ने कूदकर लोगों में सनसनी फैला दी है। नदी में डुबा युवक उमाकांत साहू 23 वर्ष बोरसी का निवासी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उमाकांत अपने दोस्तों के साथ बर्थडे मनाने आया था,युवक ने अपनी नई बुलट पुल पर खड़ी कर नदी में लगाई छलांग दी। इस आत्मघाती कदम को उठाने के पहले युवक ने अपना,पर्स मोबाइल फोन ,चश्मा व घड़ी गाड़ी के पास छोड़ दी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर युवक की तलाश में जुट गई है। पुलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत यह मामला बुधवार व गुरुवार की दरम्यानी रात 1 बजे के आसपास की है। दुसरी घटना सामने आने के बाद अब बचाव दल को अब दो लोगो को ढूँढने की चुनौती है। शिवनाथ नदी में लगातार सामने आ रहे हादसे से दुर्ग पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से पुराने पूल को दोनो तरफ से बंद कर दिया है। बहरहाल शिवनाथ नदी में छलांग लगाए युवक उमाकांत साहू के शव की तलाश जारी है।परिजन मौके पर मौजूद हैं और यह आस लगाए बैठे हैं कि उनका बच्चा सही सलामत मिल जाए और यही दुआ वहां पर मौजूद सारे लोग कर रहे हैं।

प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत 65 मनरेगा मजदूर सब्जी नर्सरी प्रबंधन एवं उत्पादन विषय पर ले रहे प्रशिक्षण

बीजापुर। प्रोजेक्ट उन्नति के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष में 100 दिन पूर्ण किए 18 से 35 वर्षीय श्रमिको को सब्जी नर्सरी प्रबंधन एवं उत्पादन विषय पर 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान-आर सेटी बीजापुर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 2 सितंबर से आयोजित इस प्रशिक्षण में जिला सीईओ रवि कुमार साहू ने बुधवार को पहुंचकर सभी प्रतिभागियों को कृषि की नई तकनीक के पहलुओं की जानकारी देते हुए इसे अपनाने को कहा।

इस प्रशिक्षण में जनपद पंचायत भैरमगढ़ से 33 एवं जनपद बीजापुर की ग्राम पंचायतों के 32 जाबकार्डधारी परिवार के श्रमिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 11 सितंबर तक आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में हितग्राहियों को फसल लगाने की तकनीकी पहलुओं के साथ मौसम आधारित साग - सब्जियों की बुआई के साथ ही बीमारी लगने पर कीटनाशक एवं दवाईयों का उपयोग,मात्रा एवं विधि की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

सहायक परियोजना अधिकारी नारायण बंजारे ने बताया कि प्रोजेक्ट उन्नति परियोजना का मुख्य उद्देश्य बढ़ती हुई अर्थ - व्यवस्था में अकुशल श्रमिकों को प्रशिक्षण देकर कौशल उन्नयन करना है ताकि आय का स्थायी साधन प्राप्त हो सकें । मजदूरों की आजिविका में सुधार हो एवं आंशिक रोजगार से पूर्ण रोजगार की ओर बढ़ सके, इससे महात्मा गांधी नरेगा पर उनकी निर्भरता कम होगी ।

यूट्यूबर विलेज तुलसी में खुला अत्याधुनिक स्टूडियो : जिला प्रशासन के सहयोग से युवाओं को मिली सुविधा, गांव में विकसित किया जाएगा डिजिटल स्किल सेंटर

रायपुर (आरएनएस)। जिले के अनूठे यूट्यूबर गांव तुलसी नेवरा में आज यूट्यूबर युवाओं के समूह में खुशी की लहर दौड़ उठी, जब कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे उनके बीच उनके गांव पहुंचे और उनके लिए विशेष स्टूडियों ''हमर फ्लिक्स'' का उद्घाटन किया. यह स्टूडियो जिला प्रशासन और सीएसआर हाईटेक ने बनाया है. इस अवसर पर बीइंग छत्तीसगढिय़ा यूट्यूब चैनल के क्रिएटर ज्ञानेन्द्र शुक्ला सहित अन्य यूट्यूबर्स ने कलेक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा, जिला प्रशासन की इस सहयोग से हमारे गांव के यूट्यूबर्स को सहयोग मिलेगा और पहले से अच्छी गुणवत्ता की यूट्यूब वीडियो बना सकेंगे. पहले जिस कार्य के लिए हम महानगर जाते थे, अब उसे अपने गांव में रहकर ही कर सकेंगे. साथ ही छत्तीसगढ़ परंपरा-संस्कृति का प्रचार प्रसार अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे. कलेक्टर ने यहाँ के युवाओं द्वारा बनाए गए यूट्यूब वीडियो को देखा और लाइक भी किया।

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि तुलसी गांव एक हमारे जिले ही नही प्रदेश का अनूठा यूट्यूबर विलेज है, जहाँ 40 युवा यूट्यूबर का काम करते हैं, जिनके 10 लाख से भी ज्यादा फॉलोवर्स हैं. इनके बनाये वीडियो में 3 करोड़ से ज्यादा व्यू मिले हैं. यह हमारे लिए गर्व की बात है. इस स्टूडियो के माध्यम से यहाँ के युवाओं के टैलेंट और उनके माध्यम से अन्य युवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा. उन्होंने कहा कि हम यहां 15 लाख रूपये की लागत से डिजिटल स्किल सेंटर भी डीएमएफ के माध्यम से बनाएंगे, जहां यूट्यूब और सोशल मीडिया से जुड़े युवा डिजिटल मार्केटिग, ग्राफिक डिजाइनिंग, एसईओ जैसे स्किल्स सीख पाएंगे।

गौरतलब है कि तुलसी गांव का हमर फ्लिक्स स्टुडियो यूट्यूबर्स और क्रिएटर्स के लिए आवश्यक उपकरण से लैस है. अत्याधुनिक कैमरे, ड्रोन कैमरे, हाइएंड कंप्यूटर जैसे उपकरण जिला प्रशासन ने उपलब्ध कराए हैं. शूटिंग के साथ-साथ एडिटिंग के लिए भी सॉफ्टवेयर्स की व्यवस्था की गई है. स्टूडियो में ऑडियो लैब भी बनाया गया है, जहां ऑडियो मिक्सर सॉफ्टवेयर और उपकरण से क्रिएटर्स आसानी से ऑडियो रिकॉर्डिंग और मिक्सिंग कर पाएंगे. साथ ही पॉडकास्टिंग भी कर पाएंगे. 25 लाख की लागत से इस स्टूडियों को तैयार किया गया है. साथ ही यह आर्टिस्ट एसोसिएशन भी बनाया जाएगा,

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पंडिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU